हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
NEWS
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–211 : जौनपुर, शुक्रवार 26 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## लोकार्पण के बाद संतों से संवाद करेंगे पीएम मोदी, रविशंकर और जग्गी वासुदेव रहेंगे मौजूद

वाराणसी ब्यूरो : काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को मंदिर चौक में देशभर के प्रमुख संतों और प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी के साथ मंच पर श्रीश्री रविशंकर और जग्गी वासुदेव भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से 13 दिसंबर के कार्यक्रम की सहमति मिलने के बाद स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 14 व 15 दिसंबर के कार्यक्रमों में पीएम मोदी की मौजूदगी पर पीएमओ की मंजूरी का इंतजार है। सुरसरि से काशीपुराधिपति के भव्य दरबार के एकाकार उत्सव को विश्वव्यापी बनाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। 13 दिसंबर की सुबह से ही दुनियाभर के मंदिरों और मठों में काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण का सजीव प्रसारण किया जाएगा। इसमें देश के प्रमुख शैव संप्रदाय से जुड़े पीठाधीश्वर को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें तमिलनाडु के अधिनाम, कर्नाटक के लिंगायत व वीरशैव और उत्तर के सभी अखाड़ों को शामिल करने की तैयारी है। इसके साथ ही प्रदेश के



सभी शिवालयों में सजीव प्रसारण के साथ ही प्रसाद वितरण कराया जाएगा। प्रत्येक शहर में सजीव प्रसारण वाले स्थलों पर धर्माचार्यों को शामिल किया जाएगा। पीएम मोदी अनुष्ठान के मुख्य यजमान होंगे और सबसे पहले गंगाजल से बाबा का अभिषेक करेंगे।

## फाफामऊ हत्याकांड : पहले मां–बाप व भाई, फिर दरिंदगी के बाद किशोरी का किया कत्ल

प्रयागराज ब्यूरो : फाफामऊ के गोहरी गांव में एक ही परिवार के चार लोगों को मौत के घाट उतारने वाले हत्यारों के सिर पर खून सवार था। मौके और शवों की हालत उनकी दरिंदगी की दास्तां बयां कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मौके पर जो हालात थे, उससे इस बात की आशंका है कि हत्यारों ने पहले बरामदे में सो रहे दंपति व बेटे को मारा और फिर दरिंदगी के बाद कमरे में सो रही किशोरी का कत्ल कर दिया। फाफामऊ में शांतिपुरम से होते हुए रेलवे क्रॉसिंग पार करते ही गोहरी गांव पड़ता है। इसी गांव में सड़क से लगभग सटे हुए मकान में फूलचंद व उसका परिवार रहता था। घर के दाहिनी ओर पशु औषधालय है जबकि बायीं ओर खाली प्लॉट पड़ा है। पीछे की ओर ईंट का भट्ठा है। पशु औषधालय की चहारदिवारी इतनी है कि आराम से इसे फांदकर घर में दाखिल हुआ जा सकता है। मौके पर पड़ा खून भी सूख चुका था। मकान में घुसते ही सबसे पहले आंगन और फिर बायीं ओर पशुबाड़ा है। जबकि इसके बाद बरामदा और फिर एक कमरा है। फूलचंद पत्नी व बेटे के साथ बरामदे में जबकि बेटी कमरे में सोती थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बरामदे में दो चारपाइयां पड़ीं थीं। जिनमें से एक पर फूलचंद जबकि दूसरे पर उसकी पत्नी मीनू मृत पड़ी थीं। बगल में ही जमीन पर बेटे शिव की लाश पड़ी थी। मौके पर ही खून भी फैला था जो सूख चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तीनों मृतकों के शवों पर कंबल पड़े हुए थे। कंबल हटाने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। तीनों के गर्दन पर धारदार हथियार जबकि सिर पर भारी हथियार से वार करने के जख्म मिले। उधर कमरे में



किशोरी का अस्त–व्यस्त शव चारपाई पर पड़ा मिला। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उसके भी सिर व गदर्न पर जख्म केनिशान मिले। शव जिस हालत में मिला, उससे पूरी आशंका है कि उसकेसाथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मौके व शवों की हालत देखकर यही लग रहा था कि पहले बरामदे में सो रहे दंपति व बेटे को मारा गया। इसके बाद किशोरी के साथ दरिंदगी कर कातिलों ने किशोरी को भी मार डाला। शरीर पर मिले जख्मों के निशान से यह भी माना जा रहा है कि मृतकों पर पहले कुल्हाड़ी व फावड़े से हमला किया गया और फिर सिर पर सब्बल से वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एसएन शुक्ला पर मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को मिली मंजूरी

लखनऊ ब्यूरो : सीबीआई को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस एन शुक्ला के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके आदेशों में एक निजी मेडिकल कॉलेज का कथित रूप से पक्ष लेने के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई है। सीबीआई के मुताबिक, इस साल 16 अप्रैल को उन्होंने उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। हाईकोर्ट की मंजूरी से सीबीआई सेवानिवृत्त जज के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर सकती है। एजेंसी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति शुक्ला के अलावा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आईएम कुद्दूसी, प्रसाद शिक्षा न्यास के भगवान प्रसाद यादव और पलाश यादव, स्वयं ट्रस्ट और निजी व्यक्तियों भावना पांडे और सुधीर गिरी को नामजद किया है। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता (आपराधिक साजिश) की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, ट्रस्ट ने कथित तौर पर प्राथमिकी में नामित एक आरोपी को एक अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए अवैध रूप से रिश्वत दी। उनके मुताबिक, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करने के बाद लखनऊ, मेरठ और दिल्ली में कई जगहों पर तलाशी ली। अधिकारियों के अनुसार, प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज को मई 2017 में केंद्र द्वारा 46 अन्य मेडिकल कॉलेजों के साथ–साथ घटिया सुविधाओं और आवश्यक मानदंडों को पूरा करने में विफलता के कारण छात्रों को प्रवेश देने से रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि डिबारमेंट के फैसले को ट्रस्ट ने एक रिट याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उसके बाद, प्राथमिकी में नामित लोगों ने एक साजिश रची और अदालत की अनुमति से याचिका वापस ले ली गई। अधिकारियों के अनुसार, 24 अगस्त, 2017 को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के समक्ष एक और रिट याचिका दायर की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, याचिका पर 25 अगस्त, 2017 को न्यायमूर्ति शुक्ला की खंडपीठ द्वारा सुनवाई की गई और उसी दिन एक अनुकूल आदेश जारी किया।

## जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : 43 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 23–24नवंबर2021 जनपद जौनपुर का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री गोरखनाथ पटेल के कुशल मार्गदर्शन में सार्वजनिक महाविद्यालय मुंगरा बादशाहपुर में संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र की कम्पोजिट विद्यालय सुदनीपुर जौनपुर की प्रथम बार सम्मिलित हुई छात्राएं पीटी एवं विशेष प्रदर्शन में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया विशेष प्रदर्शन में अपना परचम लहराने तथा खेल में सहयोग प्रदान करने हेतु श्री लाल बहादुर यादव को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले वाली छात्राओं को विद्यालय पर ग्राम प्रधान श्री सुरेश चंद विश्वकर्मा ,राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अध्यापक श्री शिव जोर एवं अवकाश प्राप्त प्राध्यापक श्री दीप नारायण विश्वकर्मा द्वारा मेडल प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बर्तन व्यवसायी श्री सुरेश चंद्र मौर्य द्वारा प्रत्येक छात्रा को एक एक प्लेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया ।कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री लाल बहादुर यादव एवं संयोजन प्रधानाध्यापक श्री शिव कुमार सरोज द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक ज्ञान प्रकाश मौर्य, भारती द्विवेदी,



इम्तियाज अहमद , विजय बहादुर यादव, राजबहादुर यादव संदीप मौर्य, विनोद यादव,दिलीप चंद पाल ,पुष्पा यादव,राजमणि देवी, अफसरी बानो माधुरी देवी आदि विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित अन्य अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस से बच्चो में खेल के प्रति विशेष उत्साह जगा है।

## अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर गांव में तनाव : आक्रोशित ग्रामीणों ने शिकारपुर पुलिस चौकी का किया घेराव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पालामऊ खुर्द गांव में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को बृहस्पतिवार देर रात को अराजकतत्वों द्वारा तोड़ दिया। शुक्रवार की सुबह कुछ लोग टहलने के लिए गए तो देखा कि मूर्ति का सिर टूटा हुआ था और मूर्ति पर ईट से बाबा साहब के चेहरे को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसकी जानकारी गांव वालों को दी और गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस और जिला प्रशासन को दी। गांव में तनाव की स्थिति बढ़ती गई कुछ ही देर में घटनास्थल पर हजारों की संख्या में लोग पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद सराय ख्वाजा पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आक्रोशित ग्रामीणों ने मल्हनी और छबीले पुर मार्ग को जाम कर दिया। करीब एक घंटे बाद एसडीएम सदर हिमांशु नागपाल और सीओ सदर रणविजय सिंह पहुंच कर गांव वालों को शांत कराया और नई प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया साथ ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद भी ग्रामीणों ने रोड से जाम नहीं हटाए ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता



देखकर पीएससी बुला ली गई है।पालामऊ खुर्द गांव में कई वर्षों पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की स्थापना हुई थी।ग्रामीणों की मांग पर एसडीएम ने अंबेडकर की नई मूर्ति शाम तक लगवाने की बात कही। वही इस मामले में सीओ सदर रणविजय सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की तहरीर पर तीन अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के मुकदमा पंजीकृत कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया और डॉ अम्बेडकर की नई प्रतिमा लगाने की कार्यवाही की जा रही है।

## मानव श्रृंखला बनाकर वोटर बनने हेतु किया जागरूक

जौनपुर सू.वि. : मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता बनने के लिए व निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया। मानव श्रृंखला जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पोर्टिको से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, विकास भवन, जिला पंचायत कार्यालय, अपर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने से जिलाधिकारी कार्यालय तक गोलाई में लोगों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ कर मानव श्रृंखला बनाकर वोटर बनने का संदेश दिया। जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने पूरी मानव श्रृंखला मे खड़े लोगों से स्वयं जा–जा कर मिले तथा उनका आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रेरित करते हुए लोगों को मतदाता बनने के लिए जागरुक करते रहने का आवाह्न किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वयं मतदाता बनने के साथ ही साथ अन्य लोगों को भी मतदाता बनने हेतु प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक दूसरे से हाथ पकड़ कर जिस तरह से एक चेन बनाई है, उसी तरह सभी पात्र लोगो को प्रेरित कर मतदाता बनाते हुए मतदाताओं की चेन बनाए। जागरूकता की ये चेन टूटनी नहीं चाहिए। ताकि आगे आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। मानव श्रृंखला में पुरुषों के साथ–साथ



महिलाओं की भारी संख्या देखकर जिलाधिकारी बहुत प्रसन्न रहें। उन्होंने महिलाओं से भी अपील किया कि मतदान में महिलाओं का बहुत महत्व है इसलिए विशेषकर महिलाओं को मतदाता बनाने के लिए जागरूक करें तथा कालेज के युवा छात्र छात्राएं जिनकी आयु 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूरी हो रही है उन्हें मतदाता बनाने के लिए प्रेरित करें। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि मतदान में सभी की भागीदारी जरूरी है मतदान आप तभी कर पाएंगे जब आप का नाम मतदाता सूची में शामिल होगा। इस लिए समय रहते मतदाता बने जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान कर पाएं। 30 नवंबर तक वोटर बनने का कार्यक्रम चल रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त उप जिला अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, स्वीप प्रभारी/जिला विद्यालय निरीक्षक आरके पंडित, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैयद मो मुस्तफा, ईएलसी कोऑर्डिनेटर रमेश चंद यादव, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी सहित, अन्य अधिकारी व बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, माध्यमिक विभाग के शिक्षक, कर्मचारी व अन्य लोगों ने सहभागिता करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदाता बनने के लिए जागरूक व प्रेरित किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## खेत में सीधे सुपर सीडर से करें गेहूं की बुवाई

जौनपुर सू.वि. : कृषि विभाग द्वारा शुक्रवार को विकास खंड धर्मापुर एवं मुफ्तीगंज ब्लाक परिषर में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत रबी उत्पादकता किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों से लाइन में बुवाई करने तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओ, बीज वितरण, कृषि यंत्रों पर अनुदान, कम लागत में अधिक उत्पादन वाली तकनीकीयो से प्रशिक्षित किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉ रमेश चंद्र यादव ने कहा कि धान के खेत में किसान बिना जुताई किए सीधे जीरो टिल/सुपर सीडर मशीन से लाइन में गेहूं की बुवाई करें, इससे बीज, खाद एवं पानी की मात्रा कम लगेगी, खाद जो बुवाई के समय देंगे उसका भरपूर लाभ पौधों को मिलेगा किसान इस विधि से बुवाई करके कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, उन्होंने बताया कि धान की लंबी अवधि की प्रजातियों की कटाई के बाद नहर सिंचित क्षेत्रों में अधिक नमी होने के कारण जुताई कर के खेत की तैयारी कर बुआई करने में विलंब हो जाता है जिससे उत्पादन घट जाता उन्होंने किसानों से सुझाव दिया कर धान की फसल काटने के बाद खड़े ठूठ में बगैर जुताई के मशीन से लाइन में बुवाई करने से कृषि निवेशो की बचत होगी साथ ही सवा गुना ज्यादा उत्पादन प्राप्त होगा। परती खेतों में बुआई करने से सिंचाई जल की बचत होगी तथा खरपतवार भी कम निकलेगे, लाइन में बुवाई करने पर बीज एक निश्चित गहराई वह अंतराल पर गिरता है एक एकड़ के लिए 40 किग्रा गेहूं का बीज व 50 किग्रा डीएपी लगती है लाइन में बुवाई से खाद एवं बीज का प्रॉपर प्लेसमेंट होता है इसलिए उत्पादन बढ़ जाता है बुवाई 5 सेंटीमीटर गहराई पर होती है इसलिए जड़ों का विकास अच्छा होता है फरवरी में जब गर्म हवाएं चलती हैं तो सिंचाई करने पर फसल गिरती नहीं इतना ही नहीं लाइन में बुवाई से सस्य क्रियाएं आसानी से होती हैं प्रति हेक्टेयर रु0 चार हजार लागत में कमी लाते हुए बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. संजीत कुमार ने मृदा स्वास्थ्य, उर्वरक प्रबंधन, सिचाई प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा तथा संचालन एडीओ एजी आत्मा राम ने किया। इस मौके पर तकनीकी सहायक श्रवण कुमार सिंह. बीटीएम ज्ञानेश्वर मिश्र, ज्ञानेन्द्र कुमार, उमेश सिंह, गुलाब मौर्य, संध्या सिंह रामाशीष, आजाद आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अन्त में एडीओ एजी अशोक कुमार सिंह ने आभार जताया।

## टीईटी परीक्षा शूचितापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक

जौनपुर सू.वि. : शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को शूचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में अधिकारियों के साथ



बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्यवेक्षक की तैनाती एवं सचल दलों का गठन किया गया है। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने या किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा देने वाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ने बताया कि जिले में यू0पी0 टेट परीक्षा के लिए प्रथम पाली में 68 केंद्र एवं द्वितीय में 44 केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर 2021 को दो पाली में यह परीक्षा सम्पन्न होगी। प्राथमिक स्तर की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 10.00 से 12.30 बजे तक तथा उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 से 05.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में 41996 एवं द्वितीय पाली में 28129 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**आजमगढ़–जौनपुर मार्ग पर केशवपुर रेलवे क्रासिंग के बैरियर को तोड़ ढ़ाला घुसा अन्दर:जंजीर बांध गेटमैन नें पास कराई गाड़ी**

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
*भूल होना प्रकृति है, मान लेना संस्कृति है, सुधार लेना प्रगति है–*
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मुजफ्फरपुर : आज भी कैद में हैं खुदीराम बोस

मुजफ्फरपुर में 'शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा' के द्वार पर शहीद की काल कोठरी और कारागार परिसर में लगी उनकी प्रतिमा को देखने के लिए किसी को भी घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। जेल परिसर में बेशुमार झाड़ियां और कूड़े के ढेर हैं। जिस फांसीघर में उन्हें लटकाया गया था, उसे अब बंद कर दिया गया है। जेल अधिकारी प्रायः उनकी कोठरी को देखने की अनुमति नहीं देते। मुजफ्फरपुर से 30 किलोमीटर दूर वैनी (पूसा रोड), जहां खुदीराम पकड़े गए थे, वहां आसपास के कुछ लोगों ने चंदा इकट्ठा करके उनकी एक प्रतिमा लगवा दी है, लेकिन उसकी देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं है। इस रेलवे स्टेशन का नाम अब 'खुदीराम बोस पूसा' है।मुजफ्फरपुर में वह जगह देखकर भी हम निराश हुए, जहां से 30 अप्रैल, 1908 को जिला जज के बंगले के बाहर खुदीराम और उनके साथी प्रफुल्ल चाकी ने जज डगलस किंग्सफोर्ड पर बम फेंका था। यहां सड़क किनारे लगी शहीद प्रतिमाएं उनके चित्रों से मेल नहीं खातीं। इस उपेक्षित–से स्मारक को देखकर हम आहत हैं। सब तरफ उदासी और खामोशी का साम्राज्य। चाकी की प्रतिमा के नीचे उनका परिचय भी अंकित नहीं है। इस पर लगी पट्टिका शायद खंडित होकर टूट–बिखर गई हो। एक समय किंग्सफोर्ड बंगाल में अदालत का हाकिम था, जहां उसने अनेक देशभक्तों को कड़ी सजा दी थीं। क्रांतिकारियों ने तय किया कि किंग्स से इसका बदला लिया जाए, जिसकी जिम्मेदारी खुदीराम और चाकी जैसे दो किशोर विप्लवियों को सौंपी गई। इस बीच किंग्स का तबादला मुजफ्फरपुर हो गया, पर खुदीराम ने हिम्मत नहीं हारी। वह मुजफ्फरपुर में मोतीझील की धर्मशाला में ठहरकर किंग्स के आने–जाने का पता लगाने लगे। यूरोपियन क्लब (अब मुजफ्फरपुर क्लब) का रास्ता उन्होंने देख लिया। दोनों युवाओं ने गाड़ी के रंग की शिनाख्त कर उस पर बम फेंक दिया, जिसमें किंग्स न होकर एक महिला श्रीमती कनेडी और उनकी बेटी मारी गईं। शराब के नशे में धुत किंग्सफोर्ड उस दिन क्लब में ही पड़ा था। पुलिस के दो सिपाहियों ने दूर तक दोनों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे विफल रहे। दोनों क्रांतिकारी 25 किलोमीटर दूर एक जगह कुछ चना–चबेना लेने के लिए ठहरे कि किंग्स के बच जाने का उन्हें पता लगा। एकाएक उनके मुंह से निकल पड़ा–'अरे, डगलस बच गया।' लोगों को उन पर संदेह हुआ। वहां मौजूद सिपाही पकड़ने दौड़े। खुदीराम उनके हाथ आ गए, लेकिन चाकी गोलियां चलाते हुए भाग निकले। वह समस्तीपुर पहुंचे, जहां एक सज्जन ने टिकट लेकर उन्हें ट्रेन में बैठा दिया। बाद में मोकामा स्टेशन पर पुलिस से घिरने पर उन्होंने मुकाबला किया और आखिरी गोली खुद को मारकर शहीद हो गए। उनका सिर काटकर मुजफ्फरपुर जेल ले जाया गया, जहां खुदीराम ने देखते ही उन्हें प्रणाम किया। बस, शिनाख्त पूरी हो गई। इसके बाद किंग्सफोर्ड को मारने का मुकदमा खुदीराम पर केवल पांच दिन चला था। खुदीराम ने बम फेंकने की बात खुद स्वीकार ली। उन्हें मृत्युदंड की सजा मिली।11 अगस्त, 1908 को प्रातः छह बजे खुदीराम को फांसी पर चढ़ा दिया गया। मरने से पहले उन्होंने गाया–हांसी हांसी चोड़बो फांसी, देखबे भारतबासी। एक बार बिदाय दे मां, घूरे आसी। कहा जाता है कि वह जनता के बीच इतने लोकप्रिय थे कि उनकी चिता की भस्म लेने दाहस्थल पर लोगों में होड़ लग गई। माताओं ने बच्चों के गले में उनकी राख के ताबीज बांधे। बंगाल के जुलाहे एक खास किस्म की धोती बुनने लगे थे, जिनके किनारे पर 'खुदीराम' लिखा होता था। स्कूल–कॉलेज में पढ़ने वाले लड़के इन धोतियों को पहनकर सीना तानकर चलते थे।फांसी के समय खुदीराम मात्र 18 वर्ष के थे। उनका जन्म तीन दिसंबर, 1889 को मिदनापुर के हबीबपुर मुहल्ले में हुआ था। पिता त्रैलोक्यनाथ बसु नेड़ाजल इस्टेट के तहसीलदार थे और मां थीं लक्ष्मीप्रिया देवी। खुदीराम के नामकरण के पीछे एक कहानी है। उन दिनों बंगाल में नवजात बच्चों की मृत्यु दर अधिक थी। ऐसे में जब उनका जन्म हुआ, तो उनकी बड़ी बहन ने तीन मुट्ठी खुदी (टूटे चावल) देकर उन्हें खरीद लिया, ताकि वह जीवित रह सकें। उसी समय से वह खुदीराम कहे जाने लगे।मुजफ्फरपुर एक शहर नहीं, बल्कि उस क्रांतिकारी की चेतना का स्मृति–स्थल भी है। चंद्रप्रकाश 'जगप्रिय' ने अपनी लोक रचना में कहा है–खुदीराम के कथा सुनो/भारत माय के व्यथा सुनो। खुदीराम बच्चे से वीर/दुश्मन के छाती में तीर।। खुदीराम पर बांग्ला में कई पुस्तकें लिखी गईं, जिनमें शैलेश दे, हेमचंद्र कानूनगो, भूपेन्द्र किशोर, रक्षित राय, ईशानचंद्र महापात्र, दीपक राय, विप्लव चक्रवर्ती तथा नगेंद्र कुमार गुहाराय का लिखा विशेष महत्व रखता है। इन पुस्तकों को हिंदी में छापने के प्रयास नहीं हुए। मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए खुदीराम के सब बयान बांग्ला में थे, जो अब मूल रूप में उपलब्ध नहीं हैं। सरकारी रिकॉर्ड में उनका अंग्रेजी अनुवाद ही सुरक्षित है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

### आज 150 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे डिप्टी सीएम

अलीगढ़ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को अलीगढ़ आएंगे। वह सर्किट हाउस में अलीगढ़ एवं एटा की लोक निर्माण विभाग, राजकीय निर्माण निगम एवं सेतु निगम की 150 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इसके बाद विधानसभा संचालन समिति की बैठक को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह साढ़े आठ बजे यूपी सदन, नई दिल्ली से कार द्वारा रवाना होंगे। सुबह 11 बजे वह अलीगढ़ सर्किट हाउस पहुंच जाएंगे। 11.10 बजे अलीगढ़ एवं एटा की लोक निर्माण विभाग, राजकीय निर्माण निगम एवं सेतु निगम की 150 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। 11.55 बजे प्रेस से रूबरू होने के उपरांत दोपहर 12.30 बजे ग्रीन व्यू रिसोर्ट में विधानसभा चुनाव संचालन समिति, कमिश्नरी की सभी विधानसभाओं की बैठक में हिस्सा लेंगे। दोपहर दो बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। इन परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास। – पीडब्लूडी प्रांतीय खंड – लोकार्पण–37 कार्य, 2707.43 लाख रुपये, शिलान्यास–27 कार्य, 1532.15 लाख रुपये – निर्माण खंड – एक – लोकार्पण–47 कार्य, 6692.46 लाख रुपये, शिलान्यास–32 कार्य, 1202.74 लाख रुपये उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को लेकर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी गई है। मजिस्ट्रेटों को उनके आगमन पर रिसीव करने से लेकर उनके जाने तक की जिम्मेदारी दी गई है। सभी को हिदायत दी गई है कि वे नियत स्थल पर सभी व्यवस्थाएं अपनी निगरानी में पूर्ण कराएं। अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम संजय मिश्रा बार्डर से उपमुख्यमंत्री को रिसीव करेंगे। इसके बाद उनके साथ रहकर कार्यक्रम संपन्न कराएंगे। कार्यक्रमों के उपरांत उन्हें बार्डर तक छोड़ने जाएंगे। अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय सुधीर सोनी सर्किट हाउस का कार्यक्रम देखेंगे। एसडीएम कोल संजीव ओझा ग्रीन व्यू रिसोर्ट में मौजूद रहेंगे। तहसीलदार कोल डॉ. गजेंद्र पाल सिंह सर्किट हाउस की व्यवस्थाएं देखेंगे। सीएमओ आनंद उपाध्याय एक एंबुलेंस व वीआईपी फ्लीट के साथ कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सकीय उपकरण व डॉक्टरों की टीम के साथ मौजूद रहेंगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी विवेक शर्मा दोनों कार्यक्रम स्थलों पर एक–एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध कराएंगे। अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा उप मुख्यमंत्री को परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की चेकिंग के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ड्यूटी लगाएंगे। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड प्रथम एवं प्रभारी अधिकारी सर्किट हाउस संजीव पुष्कर सर्किट हाउस के सभी कक्ष व्यवस्थित कराएंगे। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त सर्किट हाउस एवं कार्यक्रम स्थल पर सफाई एवं फागिंग का जिम्मा संभालेंगे। अधीक्षण अभियंता विद्युत एके कपिल विद्युत उपकरणों की जांच कराएंगे। अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र सारस्वत ग्रीन व्यू रिसोर्ट पर विद्युत सुरक्षा का काम देखेंगे। आरएम रोडवेज परवेज खान फ्लीट एवं रिजर्व फ्लीट के लिए छह एंबेसडर रोडवेज टैक्सी कार पुलिस लाइन में उपलब्ध कराएंगे।

## जनपद में टी0ई0टी0 परीक्षा को सकुशल व सुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार के अपरान्ह पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी0 प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों व केन्द्र व्यवस्थापक के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने 28.11.2021 को होने वाली टी0ई0टी0 परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण कराने हेतु प्रथम पाली में 34 सेंटर तथा द्वितीय पाली में 21 सेंटर के लिये नियुक्त 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट, सभी सेंटर के केन्द्राध्यक्ष प्रथम पाली प्राथमिक स्तर एवं द्वितीय पाली उच्च प्राथमिक स्तर 34 तथा विद्यालयों में नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रथम पाली, द्वितीय पाली के पर्यवेक्षक की मीटिंग में सभी को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को पूर्ण रूप से सुचितापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि टी0ई0टी0 परीक्षा में लगे सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक परीक्षा के पूर्व सुनिश्चित भ्रमण कर लें, कि बनाए गए सेंटर में किसी भी तरह की कोई कमी न होने पाये। परीक्षार्थियों के सामान को रखने, प्रकाश



एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सभी परीक्षा सेन्टरों पर उपलब्ध हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान एंड्रॉइड फोन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखा जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सचल दल एवं परीक्षा सामग्री तथा सभी सेंटर पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। किसी भी तरह का कोई अन्यथा की स्थिति संज्ञान में आती है, तो तत्काल अवगत कराया जाय। उन्होंने सभी केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक परीक्षा के पूर्व सभी केन्द्र में जाकर संपूर्ण व्यवस्था एवं मानिटरिंग कक्ष निरीक्षक के साथ अवश्य कर लें।

## स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ आयोजित

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला ग्राम्य विकास संस्थान दूबेपुर में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि/जिला विकास अधिकारी डा0 डी0 आर0 विश्वकर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम के लिए स्वच्छ जीवन शैली साफ–सफाई क्या है और इसकी जरूरत क्यों है, व्यक्तिगत साफ–सफाई, सामुदायिक साफ–सफाई, खुले में शौच, अपशिष्ट जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, वृक्षारोपण आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। युवाओं का आह्वान किया कि उपरोक्त बिन्दुओं पर ग्रामवासियों को जागरूक करके स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम की परिकल्पना को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में सन्दर्भ व्यक्ति के रूप में जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा0 संतोष कुमार ने युवाओं का आह्वान किया कि अपने–अपने गांव की नदी तालाब एवं अन्य




जल स्त्रोतों को संरक्षित करने हेतु राजस्व विभाग से संपर्क स्थापित कर उसका चिह्नांकन कराएं, जिससे जल स्त्रोतों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सके। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन कमल भट्ट जिला युवा अधिकारी ने किया प्रशिक्षण के विभिन्न विकास खण्डों के 50 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

## पुनरीक्षण–2022 एवं आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 की तैयारियों हेतु बैठक सम्पन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2022 के आधार पर सम्प्रति चल रहे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2022 एवं आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 की तैयारियों के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता ने उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर नाम बढ़ाने व घटाने वाले प्राप्त फार्मो का सत्यापन, फीडिंग/अपडेशन तथा पोलिंग स्टेशनों की स्थिति रैम्प, शौचालय, फर्नीचर, पेयजल की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त फार्मो में बहुत ही कमियां प्रकाश में आ रही हैं, इस पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। प्रत्येक नए मतदाता के फार्मो को एआरओ सही चेकिंग कर अपडेशन कराएं। इस कार्य में और तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने क्रास चेकिंग समयत्र पर की जाए, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन



अधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन–2022 की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारी विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे– आदर्श आचार संहिता का पालन, निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ, कानून व्यवस्था, क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन, संवेदनशील बूथ, प्रेक्षक हेतु व्यवस्था, ट्रेनिंग सम्बन्धी व्यवस्था, ईवीएम व वीवी पैट की व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्वाचन प्रक्रिया का कार्य तेजी से बढ़ रहा है। इसलिये इस कार्य में शिथिलता किसी स्तर पर न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) बी0 प्रसाद, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) मनोज कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, समस्त उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी वरूण खरे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी से सावधान रहें दलित, सपा नहीं कर सकती दलितों का विकास : मायावती

लखनऊ ब्यूरो : बसपा प्रमुख मायावती ने संविधान दिवस के अवसर पर बयान जारी करते हुए कहा कि देश में दलित वर्ग अभी भी अधिकारों से वंचित हैं। खासतौर से नौकरियों में उनकी आरक्षण का कोटा अधूरा है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्रों में भी आरक्षण लागू किया जाए। मायावती ने कहा समाजवादी पार्टी से दलित सावधान रहें वह दलितों का विकास नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि देश में गरीबी बढ़ रही है और खासतौर से मध्यम व गरीब लोग बहुत दुखी हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को इस पर ध्यान देना चाहिए। दोनों ही इसके प्रति गंभीर नहीं है। मायावती ने कृषि कानूनों पर भी अपनी बात रखी। कहा कि तीन कृषि कानून वापस कर लिए गए हैं जो बहुत उचित कदम है, लेकिन किसानों की अन्य जरूरी




मांगों को भी पूरा कर लेना चाहिए ताकि किसान अपने घरों को खुशी–खुशी वापस लौट सकें। मायावती ने कहा कि चूंकि दलितों के विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसलिए उन्होंने संविधान दिवस पर होने वाले कार्यक्रम से भी दूरी बनाई है । उमाशंकर सिंह को विधानमंडल दल का नेता बनाया। मायावती ने विधायक उमाशंकर सिंह को बसपा दल का नेता बनाने की घोषणा की। दरअसलश, बृहस्पतिवार को बसपा के विधानमंडल दल नेता गुड्डू जमाली ने बसपा को बाय बाय बोल दिया था।

## श्री सरस्वती सदन, हरदोई द्वारा डॉ सुरभि सिंह की काव्यकृति"छोटी सी उड़ान" का हुआ विमोचन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : साहित्यिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में सीएसएन महाविद्यालय, हरदोई के हिंदी विभाग के अध्यक्ष एवं इग्नू के पर्यवेक्षक रहे साहित्यकार डॉ श्रीचंद्र सिंह जी की जयंती पर उनकी बेटी डॉ. सुरभि सिंह की काव्यकृति 'छोटी सी उड़ान का विमोचन हुआ विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि प्रख्यात भजनगायिका एवं साहित्यकार श्रीमती रत्ना मिश्रा ने कहा की रचनाकार डॉ. सुरभि सिंह की पुस्तक छोटी सी उड़ान उन्हें साहित्य समाज के यश वैभव की ओर ऊंची उड़ान तक ले जाएगी। मुख्य अतिथि श्रीमती रत्ना मिश्रा ने कहा कि घर परिवार, समाज और सेवाकार्य की दोहरी भूमिका से समन्वय करके अपने मन के भावों को साहित्य सृजन के रूप में उतारना महिलाओं के लिए मुश्किल भरा है, पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी डॉ. सुरभि सिंह ने उस और बढ़कर पुस्तक को आकार दिया जो नारी विमर्श के लिए एक अच्छा प्रयास है. मुख्यअतिथि श्रीमती मिश्र ने भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण पर भी बल दिया। इसके पूर्व श्री वेणी माधव विद्यापीठ की पूर्व शिक्षिका श्रीमती इंदुबाला शुक्ला ने पुस्तक 'छोटी सी उड़ान' की समीक्षा करते हुए डॉ. सुरभि को एक संवेदनशील रचनाकार बताया. उन्होंने कहा कि स्तुति वंदना से लेकर सामाजिक सरोकारों तक नौ सर्गों से जुड़ी पुस्तक छोटी सी उड़ान घर परिवार के मधुर संबंधों को समाज के सामने लाने का अच्छा प्रयास है. उन्होंने कहा इसी तरह छोटी सी उडान की सभी रचनाएं आज देश–समाज और व्यक्ति को पारिवारिक मानव मूल्यों के प्रति जोड़ती है. रचनाकार डॉ.







सुरभि सिंह ने समारोह में अपनी रचनाएं पढ़कर काव्यमय माहौल बनाया. इसके साथ ही साहित्यकार डॉ. श्रीचंद्र सिंह जी को उनकी जयंती पर सभी ने नमन करते हुए उनके साहित्यिक योगदान को भी रेखांकित करते हुए सराहा। सदन के अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी ने अतिथियों का स्वागत किया. आभार प्रदर्शन मंत्री मनीष कुमार मिश्र ने जताया. समारोह का संचालन महेश मिश्र ने किया. इस कार्यक्रम में डॉ. नरेश चन्द्र शुक्ल, डॉ. बीएस पाण्डेय, डॉ. आलोक टंडन, प्रोफेसर अखिलेश वाजपेयी, डॉ. देशदीपक शुक्ला, डॉ. रवींद्र सिंह, कुमार अनुराग सिंह, श्रवण मिश्रा राही, शैलेंद्र खन्ना, राहुल चौहान, कुलदीप द्विवेदी, अतुल टंडन, गिरीश डिडवानिया, ओमप्रकाश कटियार, डॉ. शीला पाण्डेय, सीमा मिश्रा, सरिता अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

### 'जिन वाहन स्वामियों ने आवंटित पंजीयन नम्बर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नवीनीकरण नहीं कराया है, तो पंजीयन चिन्ह होगा निरस्त–एआरटीओ

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन) नन्द कुमार ने एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जिन वाहन स्वामियों को आवंटित पंजीयन नम्बर यूपी 44, यूपी 44ए, यूपी 44बी, यूपी 44डी, यूपी 44ई, यूपी 44एफ, यूपी 44एच, यूपी 44के, यूएसवाई, यूआरई, यूजीके, यूवीएफ सीरीज में आवंटित हैं, के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने वाहन के पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया गया है। सन्दर्भित वाहनों पर पंजीयन अधिकारी मोटर वाहन विभाग सुलतानपुर द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए उनका पंजीयन चिन्ह निलम्बित कर दिया गया है। यदि उक्त निलम्बन अवधि के भीतर प्रश्नगत वाहनों का पंजीयन नवीनीकरण नहीं कराया जाता है, तो उन वाहनों का पंजीयन चिन्ह निरस्त कर उनका डेटा डिलीट कर दिया जायेगा, जिसके लिये सम्बन्धित वाहन स्वामी की जिम्मेदार होंगे।

## बर्खास्त सिपाही सर्वेश चौधरी व रवि यादव इको गार्डन में धरना स्थल पर बैठे

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बर्खास्त सिपाही सर्वेश चौधरी व रवि यादव ने इको गार्डन में धरना स्थल पर बताया कि देश में पुलिस अधिनियम 1861 का कानून आज भी चल रहा है इसके खिलाफ धरना इकोगार्डन में धरना स्थल पर किया जा रहा है। उन्होंने प्रमुख मांगे बताते हुए कहा कि 1– पुलिस अधिनियम 1861 61 का कानून खत्म होगा मॉडर्न पुलिस अधिनियम लागू किया जाए। 2– उत्तर प्रदेश से उत्तर प्रदेश से बॉर्डर स्कीम खत्म की जाए तथा गृह जनपद लागू हो। 3– सिपाही के वेतन और भत्तों को आधुनिक खर्चा को देखकर बढ़ोतरी की जाए। 4– साइकिल भत्ता खत्म किया जाए। 5– ड्यूटी समय निर्धारित किया जाए। 6– उनका शोषण बंद होना चाहिए। 7– 2486 ट्रेनिंग कर चुके दरोगा उनकी नियुक्ति दिया जाए।

### वेंटिलेटर पर कांग्रेस : नीति और नेतृत्व विहीन हो गई – केंद्रीय मंत्री

अलीगढ़ ब्यूरो : केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि अब पूरी दुनिया जान चुकी है कि कांग्रेस वेंटिलेटर पर है। वह नीति एवं नेतृत्व विहीन पार्टी हो गई है। केंद्रीय मंत्री बृहस्पतिवार को जीटी रोड स्थित रघुनाथ पैलेस में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवोत्थान कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि जब नीति एवं नेतृत्व नहीं रहता है तो राजनीतिक दल का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। मुझे लगता है कि देश में अब कांग्रेस का अध्याय समाप्त हो गया है। आजादी के बाद महात्मा गांधी कांग्रेस को खत्म करना चाहते थे। आज उनका सपना पूरा हो रहा है। देश ने कांग्रेस पार्टी को अस्वीकार कर दिया है। आज कांग्रेस में भगदड़ मची है। उसमें विघटन एवं सिर फुटौव्वल चल रहा है। भविष्य की राजनीति करने वाला व्यक्ति अब कांग्रेस में नहीं रहना चाहता है। कृषि कानून वापस लिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी स्पष्टता के साथ देश में किसानों के लिए बिल लेकर आए थे। बहुसंख्यक किसानों ने समर्थन किया था। अभी देश की आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है। हम लोग सबका साथ सबका विकास की संकल्पना के साथ काम कर रहे हैं। बड़ी दुख के साथ प्रधानमंत्री ने कृषि कानून वापस करने का निर्णय किया है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं युवा मोर्चा के प्रदेश सह प्रभारी सुभाष यदुवंश, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीष गौतम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निखिल माहेश्वरी, महानगर अध्यक्ष अमन गुप्ता, अमित गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## पारा पुलिस टीम द्वारा रजनीश यादव की हत्या का 24 घंटे के अन्दर सफल अनावरण : 02 शातिर हत्यारोपी गिरफ्तार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त डी0के0 ठाकुर के निर्देशन , पुलिस उपायुक्त दक्षिणी गोपाल कृष्ण चौधरी के मार्गदर्शन , अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव व सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी आशुतोष कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार व हमराही कर्मचारीगण द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 556/21 धारा 302/201 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण 1. सुनील यादव पुत्र जगदेव यादव 2. नैना यादव पुत्री प्रवेश यादव निवासीगण सलेमपुर पतौरा थाना पारा जनपद लखनऊ व एक किशोर अपचारी को मुखबिर की सूचना पर जीरो प्वाइंट के आगे आगरा एक्सप्रेस वे से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशानदेही से हत्या में से प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद हथौड़ी, एक छेनी व खून लगा डन्डा बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि वादी मनीष कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रताप यादव निवासी ग्राम सलेमपुर पतौरा थाना पारा जिला लखनऊ द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीरी सूचना दी गयी कि उनके भाई रजनीश यादव का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, महिला द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर वादी के भाई की हत्या कर देने तथा लाश को अपने घर के बने सैफ्टी टैंक में छुपा देने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 556/21 धारा 302/201 भादवि0 दिनांक 25/11/2021 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि मृतक रजनीश यादव का अभियुक्ता नैना यादव से प्रेम प्रसंग चल रहा था, मृतक रजनीश यादव, अभियुक्ता नैना यादव को काफी दिनो से परेशान कर रहा था इसी बात को लेकर अभियुक्ता द्वारा अपने परिजनों के साथ षणयंत्र रचकर एक राय होकर मृतक रजनीश यादव को फोन करके अपने नवनिर्मित मकान में बुलाया गया तथा प्रवेश यादव उर्फ भोला, सुनील यादव,



नैना यादव व उनके छोटे भाई द्वारा मिलकर रजनीश यादव की हत्या कर दिया गया व लाश को अपने नवनिर्मित मकान के सेफ्टी टैंक में छुपाकर उसका ढक्कन बन्द कर दिया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर राजेश कुमार , उप निरीक्षक विश्वदीपक चौकी प्रभारी मोहान रोड, उप निरीक्षक रवीश कुमार, उप निरीक्षक राहुल त्रिपाठी, कांस्टेबल रवि यादव , कांस्टेबल अंकुर, महिला कांस्टेबल अन्तिमा पाण्डेय शामिल रहे।

# रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री के जनपद आगमन एवं "बूथ सम्मेलन काशी क्षेत्र" के तहत रहेगा रूट डायवर्जन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 27.11.2021 को मा0 रक्षा मंत्री भारत सरकार "श्री राजनाथ सिंह जी" व मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश "श्री योगी आदित्यनाथ जी" के जनपद आगमन एवं "बूथ सम्मेलन काशी क्षेत्र" के तहत टी0डी0 कॉलेज जौनपुर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके तहत दिनांक 27.11.2021 को सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था हेतु जनपद के विभिन्न निम्नवत स्थानों से रूट डायवर्जन रहेंगा, जो प्रातः 6:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक रहेगा। 1– सुल्तानपुर रोड से शहर के तरफ आने वाले बड़े वाहन कोः– बदलापुर (कस्बा) चौराहे से सुजानगंज रोड पर डायवर्ड किया जायेगा जो मछलीशहर, मडियाहु, चौकी जमालापुर होते हुए बाबतपुर वाराणसी के तरफ जायेंगे । 2– प्रयागराज रोड से शहर के तरफ आने वाले बड़े वाहन कोः– मछलीशहर से मडियाहु,चौकी जमालापुर होते हुए बाबतपुर वाराणसी के तरफ जायेंगे ।3– भदोही रोड से शहर के तरफ आने वाले बड़े वाहन कोः– मडियाहु से जलालपुर,थानागद्दी, केराकत के रास्ते प्रसाद तिराहा व खुज्जी मोड़ तिराहा होते हुए आजमगढ़ की तरफ जायेंगे । 4– वाराणसी रोड से शहर के तरफ आने वाले बड़े वाहन कोः– बाबतपुर से चंदवक के रास्ते केराकत, प्रसाद तिराहा, पचहटिया, सरायख्वाजा, खेतासराय,शाहगंज, सुल्तानपुर होते हुए लखनऊ जायेंगे ।और जलालपुर चौराहे से बायें मडियाहू के रास्ते मछलीशहर होते हुए सुजानगंज बदलापुर के रास्ते लखनऊ जायेंगे । 5– आजमगढ़ रोड से शहर के तरफ आने वाले बड़े वाहन कोः– जो मिर्जापुर, सोनभद्र के तरफ जाते है को प्रसाद तिराहे से केराकत, थानागद्दी,जलालपुर चौराहे से बाबतपुर से बड़ागांव से कपसेटी से कछवां चौराहा के रास्ते औराई की तरफ जायेंगे । 6– शाहगंज रोड से शहर के तरफ आने वाले बड़े वाहन कोः– पचहटिया तिराहे से प्रसाद तिराहा केराकत होते हुए वाराणसी की तरफ जायेंगे, या खेतासराय तिराहे से खुटहन, बदलापुर चौराहा, सुजानगंज, मछलीशहर होते हुए मडियाहु के रास्ते भदोही की तरफ जायेंगें ।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे शिक्षक–कर्मचारी : पुरानी पेंशन बहाली के नारों से गूंज उठा परिसर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश (एस–4) के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन सहित 16 सूत्रीय माँगो के समर्थन में पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष क्रांति सिंह के नेतृत्व में पैदल मार्च कर जिलाधिकारी जौनपुर को माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष क्रांति सिंह ने कहा कि आई0सी0डी0एस0 की मुख्य सेविकाओं तथा लिपिको आदि संविदा कर्मियों/दैनिक वेतन/ नियत वेतन/संहत वेतन/मानदेय आदि के रूप् में विभिन्न विभागों में कार्यरत– होमगार्डस, पीआर0डी0 जवान, ग्राम रोजगार सेवक व अन्य मनरेगा कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, आशा बहुओं, ए0एन0एम0, रसोईया, आश्रम पद्धति एवं कस्तूरबा गॉधी विद्यालयों के शिक्षको/कर्मी, विशेष शिक्षकों तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मियों को विनियमित किया जाए। इस दौरान उत्तर प्रदेश कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि धरने में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,राज्य कर्मचारी महासंघ, आंगनबाड़ी संघ, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन, यू0पी0 रोडवेज इम्पलाईज यूनियन, , ग्राम रोजगार सेवक संघ, विद्यालय निरीक्षक संघ सहित 34 कर्मचारी संगठनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ज्ञापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष / प्रांतीय संगठन मंत्री अमित सिंह ने कहा कि '' पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है और इसे हम ले कर ही रहेंगे। यदि यह सरकार हमारी माँगो को गंभीरता से लेकर निस्तारित नही करती है तो आगामी चुनाव में वर्तमान सरकार का विरोध कर उसको हटाने का कार्य किया जाएगा। ग्राम्य विकास विभाग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुजीत सिंह ने कहा कि '' प्रदेश सरकार द्वारा समाप्त किये गये भत्तों जैसे सी0सी0ए0, सचिवालय भत्ता, परिवार नियोजन संबंधी विशेष वेतन–वृद्धि आदि को बहाल किया जाये। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री सतीश पाठक ने कहा कि '' छठे वेतनमान की समस्त वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए शिक्षको को पदोन्नति का न्यूनतम् वेतनमान रू0 17140 तथा 18150दिया जाये। ज्ञापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि '' बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में नियुक्त चतुर्थ श्रेणी/मृतक आश्रित कर्मियों की नियुक्ति शैक्षिक योग्यता के आधार पर हो तथा कार्मिक नियमावली का उल्लंघन कर पूर्व में उच्च शैक्षिक योग्यता धारक अभ्यर्थी जो चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्त कर दिये गये हैं उन कार्मिकों को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर लिपिक पद पर समायोजित किया जाये।'' इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री मनीष सोमवंशी ने कहा कि सरकार '' वर्षो से लम्बित कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था कर्मचारियों व शिक्षको पर शीघ्र लागू की जाए। धरने का संचालन जिला संगठन मंत्री / संयोजक अश्वनी सिंह ने किया। इस मौके पर संजय चौधरी शिवकुमार प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह मृतुन्जय सिंह विशाल सिंह प्रदीप सिंह बघेल अतुल सिंह संतोष उपाध्याय मुकेश सिंह उमेश यादव मुन्ना यादव स्वतंत्र कुमार स्वतंत्र कुमार रामाश्रय यादव सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय चौधरी मंत्री शिव कुमार हीरालाल भारती सुनील दत्त रीना सिंह अंजू गौतम सुनीता मौर्य शर्मिला गुप्ता , प्रदीप सूर्या दिनेश उपाध्याय अरविंद सिंह जितेंद्र मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के रामाश्रय यादव अशोक गौतम अजय सिंह प्रेम शंकर पांडे आदि लोग सम्मिलित हुए।

# भाजपा क्षेत्र अध्यक्ष ने सम्मेलन स्थल पर भूमि पूजन कर किया तैयारियों का शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी 27 नवम्बर को जौनपुर के टीडी कॉलेज में भाजपा काशी क्षेत्र द्वारा आयोजित बूथ सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने आज अपने जौनपुर प्रवास के दौरान टीडी कॉलेज में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के साथ विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया और सम्मेलन की तैयारियों की विधिवत शुभारम्भ किया। सम्मेलन स्थल पर एक भव्य मंच को मूर्तरूप दिया जा रहा है साथ ही विशिष्ट, अति विशिष्ट एवं मीडिया बंधुओ के लिए अलग अलग दीर्घाएं बनाई जा रही है। सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव के अनुसार सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश के सह प्रभारी सुनील ओझा, सांसद व प्रदेश की चुनाव सह प्रभारी सरोज पाण्डेय, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल मुख्य रूप से भाग लेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, क्षेत्रीय मंत्री राकेश



शर्मा, जिलाध्यक्ष मछली शहर रामविलास पाल, जिला महामंत्री पियूष गुप्ता, सुशील मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह,, संदीप सरोज, राकेश वर्मा, जिला मंत्री राजू दादा, अभय राय, धर्मेद्र सिंह, पूर्व जिलाउपाध्यक्ष राम सिंह मौर्या, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सुशान्त चौबे, भूपेंद्र पाण्डेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह, अनिल गुप्ता, नरेन्द्र उपाध्याय, मेराज हैदर, बड़कऊ पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, इन्द्रसेन सिंह, विपिन द्विवेदी, प्रमोद प्रजापति, आशीष जायसवाल, अजीत यादव, अवधेश सोनकर, मण्डल अध्यक्ष गण जितेन्द्र मिश्रा, नरेंद्र विश्वकर्मा, एवं तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# मिशन वैक्सीनेशन, ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में इस सप्ताह 2145 लोगों को लगाई गई वैक्सीन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में आज जब वैक्सीनेशन आरंभ हुआ तो सभी आयु वर्ग के लोगों को पहला और दूसरा डोज मिलाकर 448 लोगों को तथा इस सप्ताह कुल 2145 लोगो वैक्सीन लगाई गई यह जानकारी कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने दी। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि इस समय दूसरा डोज लगवाने वालों की बहुतायत है जो पहला डोज लगा चुके हैं और जिनकी दूसरा डोज लगाने की समय सीमा प्रारंभ हो गई है। परंतु दूसरा डोज लगाने वाले अभी सजग नहीं है और लापरवाही कर रहे हैं हम लोग अपील करते हैं कि जिनका जिनका दूसरा डोज लगने का समय हो गया है कृपया सभी लोग शीघ्र अति शीघ्र अपना दूसरा डोज लगवा कर वैक्सीनेशन पूरा कर ले ताकि हम सभी लोग सुरक्षित हो सके। गुरुद्वारा साहब के कैंप में कोवीशीलड और कोवैक्सीन दोनों ही लगाई जा रही हैं। अभी सहालग का और शादी का सीजन चल रहा



है इसलिए सभी लोगों को वैक्सीन लगवा लेनी चाहिए। वैक्सीनेशन सेंटर में आने वालों की सुविधा तथा सहायता के लिए हरविंदर पाल सिंह नीटा और कुलदीप सिंह सलूजा की सेवाएं लगाई गई हैं।

## सनातन धर्म परिषद के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा नेता अशोक कुमार तिवारी सपा में शामिल



आर एल पाण्डेय लखनऊ। सनातन धर्म परिषद के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अशोक कुमार तिवारी जी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव जी के समक्ष समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अशोक कुमार तिवारी बलरामपुर के एक सम्मानित परिवार से आते हैं तथा इनके पिता स्वर्गीय राम अभिलाष तिवारी विधानसभा क्षेत्र मुजेहना (वर्तमान में मेहनौन) जनपद गोंडा के विधायक रहे। गैसड़ी के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर शिवप्रताप यादव ने अशोक कुमार तिवारी के समाजवादी पार्टी में सम्मिलित होने पर स्वागत करते हुए कहा है कि तिवारी के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से पार्टी को काफी लाभ मिलेगा। तिवारी के पार्टी में सम्मिलित होने से देवीपाटन मंडल में काफी जन समर्थन एवं उत्साह देखने को मिल रहा है।

## सांसद खेल स्पर्धा योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित

जौनपुर सू.वि. : सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के अनुपालन में जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सांसद खेल स्पर्धा योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। न्याय पंचायत एवं ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता युवा कल्याण विभाग द्वारा कराने के उपरांत जनपद स्तरीय ओपन एथलेटिक्स, कबड्डी (बालक एवं बालिका वर्ग) तथा बालीवाल, कुश्ती (केवल बालक वर्ग) का आयोजन 28 नवम्बर 2021 को इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्धीकपुर जौनपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्वान्ह 10.00 बजे माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी तथा समापन एवं पुरस्कार वितरण अपरान्ह् 3.00 बजे माननीय लोकसभा सांसद, मछली शहर बीपी सरोज के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में ब्लॉक/तहसील स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में विजेता–उपविजेता टीमों एवं व्यक्तिगत खेलों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के साथ निर्णायकों को जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार द्वारा दी गई है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विकास भवन द्वारा लोन मेला का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विकास भवन की ओर से शाखा परिसर में लोन मेला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा कहा गया कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप बैंकों को कार्य करने पर बल दिया जाए। यूनियन बैंक के क्षेत्र प्रमुख ने बैंक द्वारा दी जानेवाली ऋण योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जौनपुर के क्षेत्र प्रमुख रजत कुमार नंदा, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार एवं अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

## जिले भर में संविधान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिले भर में संविधान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलक्ट्रेट में संविधान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर लोगों को संविधान में अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। संविधान दिवस पर कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के संविधान को अंगीकार करने तथा नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने एवं स्मरण करने के लिए प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिलाधिकारी ने संविधान निमाताओं द्वारा विशिष्ट संविधान देने के लिए धन्यवाद अर्पित किया और बताया कि भारत का संविधान एक ऐसा संविधान है जिसमें जड और चेतन दोनो का उल्लेख किया गया है और उन्होंने कहा कि संविधान हमे अनुशासन सीखाता है यह नागरिको को अधिकार का परिचय कराने के साथ कर्तव्य का बोध भी कराता है। संविधान पर्यावरण के संरक्षण, जीव–जन्तुओं के संरक्षण इत्यादि के बारे में बताता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अतिरिक्त उप जिला अधिकारी प्रदीप कुमार सहित कलक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद के बंद पड़े धान क्रय केंद्रों को तत्काल शुरू करें सरकार– अखिलेश यादव

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद में बंद पड़े धान क्रय केंद्रों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा प्रदेश की भाजपा सरकार मिथ्या घोषणाएं कर मीडिया में झूठी वाह वाही लूटने का काम बंद कर तत्काल जनपद मे बंद पड़े धान क्रय केंद्रों को तुरंत शुरू करवाये । उन्होंने कहा धान क्रय केंद्रों के ना शुरू होने से किसान भाई बेहद परेशान हैं क्रय केंद्रों के चक्कर लगाते लगाते घर में धान होते हुए भी क्रय ना होने के कारण बेहद हताश हैं एवं भाजपा सरकार की झूठी घोषणाओं पर आक्रोशित हैं और समय आने पर किसान विरोधी भाजपा सरकार को इसका जवाब देंगे। श्री यादव ने कहा बीकापुर विधानसभा के किसानों ने मुझसे मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई और और इस संदर्भ में आवश्यक मदद मांगी और मैंने उन्हें भरोसा दिलाया है कि आपके हक हुकूक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर लड़कर आपको इंसाफ दिलाकर रहेगी। जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने कहा कि सरकारी आकड़ो में जनपद में 8 नए क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ा दी गई है और अब जनपद में क्रय केंद्रों की संख्या 52 हो गई है एवं 42 क्रय केंद्रों पर सरकारी आंकड़ों में खरीद शुरू हो चुकी है परंतु यह पूरी तरह से निरर्थक एवं बरगलाने लाने वाली बात है प्रवक्ता शरीफ के कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि जनपद के धान क्रय केंद्रों को एक सप्ताह के भीतर सत्यता से खोलकर धानों का क्रय शुरू किया जाए। अगर किसान भाइयों की जायज मांग को प्रदेश सरकार ने अनसुना किया और एक सप्ताह के भीतर क्रय केंद्रों को नहीं शुरू किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी एवं पूर्व में भी किसान विरोधी बिलों को लेकर कांग्रेस पार्टी किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी थी और केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार को बिल वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी और अब प्रदेश में धान क्रय केंद्रों को ना खोला गया तो कांग्रेस पार्टी चुपचाप बैठने वाली नहीं है एवं किसान भाइयों के हितों के लिए जो भी लड़ाई होगी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उसके लिए तैयार हैं।

# किसानों के घर उजाड़कर बिना मुआवजा दिए जश्न मना रही जनविरोधी भाजपा सरकार

लखनऊ ब्यूरो : जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है, और बुलेट ट्रेन की तरह इसे भी तमाशा बताया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विकास के हर मोर्चे पर विफल सरकार 4:6 साल झूठा प्रोपोगेंडा फैलाती रही, अब चुनाव के समय जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास की हकीकत प्रदेश का जनमानस समझ रहा है, जिन किसानों से उनकी स्वाभिमान का प्रतीक जमीनें अधिग्रहित की गईं, उस अधिग्रहण में भूमि अधिग्रहण कानून की धज्जियां उड़ाकर संविधान और किसान के सम्मान को पैरों तले रौंदा गया,जिस जमीन को लेकर सरकार शिलान्यास का भव्यता बनाकर जश्न मना रही उस जमीन के मालिक अन्नदाता को मुआवजा नही मिलना भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा को दर्शाता है। भाजपा के ऐसे इवेंट और शिलान्यास के तमाशे कोई नए नही हैं इससे पहले भी एक बड़ा भव्य जश्न का का इवेंट बुलेट ट्रेन का किया गया था,जनमानस उस तमाशे को भूला नही है, यह उसी कहावत को चरितार्थ करता है कि रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था, हजारों किसान परिवार मुआवजे के लिए आंदोलनरत होकर परेशान हो भटक रहे हैं, सैकड़ों उजाड़े गये किसान परिवार खुले आसमान के नीचे अभी भी हैं, लेकिन संवेदनहीन भाजपा सरकार को कोई फिक्र नही, यह जश्न 700 किसानों की शहादत का मजाक है। जिन परिवारों में अंधेरा है भाजपा सरकार उनको चिढ़ाने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले भी कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाले हवाई जहाज में घूमेंगे। लेकिन हवाई चप्पल वाले ही नहीं गाड़ी पर चलने वाले बर्बाद हो गये। RBi~ के आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश के लोगों की आय घटकर आधी राह गयी,बेरोजगारी बढ़ गयी, जेवर में हवाई अड्डे का शिलान्यास करने वाली भाजपा सरकार ने कोरोना काल में लोगों को इलाज में अपने जेवर बेचने पर मजबूर कर दिया। यह जश्न ऐसे समय मनाया जा रहा है जब सरकार की गलत नीतियों के चलते देश की अर्थव्यवस्था ळक्च् बर्बाद हो गयी, अर्थव्यवस्था बुरे हाल में, हवाई अड्डे का तमाशा किसके लिए।प्रधानमंत्री जी ये भी बता देते कि इस जेवर एयरपोर्ट को नीलाम किसे करेंगे––अडानी को या अंबानी को ? यदि सरकार को किसानों की चिंता होती तो नगला शरीफ,किशोर पुर,बनवारी पुर,परोही, रुहेड़ा, दयानक पुर गांव हों या रोही गांव जहाँ के लोगों को मुआवजा नही मिला,अन्नदाता आंदोलनरत हैं, पहले ग्रामीण क्षेत्र की जमीनों का लैंड यूज बदल शहरी किया और उसके बाद भी मुआवजा ग्रामीण क्षेत्र के सर्किल रेट में दिया जा रहा का दिया जा रहा भाजपा सरकार जमीन शहरी मान रही और आबादी ग्रामीण सिर्फ इसलिए कि अन्नदाता को उचित मुआवजा न मिलने पाए।

# बूथ प्रबंधन जितना अच्छा होगा, उतना बढ़िया प्रदर्शन होगा : महेश चंद श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा चुनाव के लिए बूथों पर मोर्चा सजाने के लिए बूथों की कमान संभालने वाले बूथ अध्यक्षो को रण–कौशल सिखाने के लिए भाजपा के आला नेता मैदान में उतर गए है और इस अभियान की शुरुआत भी हो चुकी है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि बूथ प्रबंधन जितना अच्छा होगा उतना बढ़िया प्रदर्शन भी होगा। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए बूथों को मजबूत करने के लिए भाजपा ने सांगठनिक दृष्टि से प्रदेश के सभी 6 क्षेत्रों में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया है पार्टी के शिखर से अंतिम छोर तक सीधा संवाद स्थापित करने की दृष्टि से प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों में आयोजित इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाग लेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पांच दिनों से निरंतर जौनपुर में प्रवास कर रहे क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि काशी क्षेत्र के 16 जिलों के बूथ अध्यक्षो का सम्मेलन आगामी 27 नवम्बर को जौनपुर के टीडी कॉलेज में आयोजित किया गया है इस सम्मेलन को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर रक्षा मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था व प्रोटोकॉल के मुताबिक सारी व्यवस्था की जा रही है। इतना ही नही सम्मेलन में भाग लेने वाले अपेक्षित लोगो को प्रवेशिका भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयीं है, सम्मेलन में काशी क्षेत्र के सभी 29500 बूथों के बूथ अध्यक्ष भाग लेंगे। क्षेत्र अध्यक्ष ने बताया कि काशी क्षेत्र के सभी 16 जिलों के बूथ अध्यक्षो को 27 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे तक सम्मेलन स्थल पर पहुँचने का आवाहन किया गया है। क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव के अनुसार सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश के सहप्रभारी सुनील ओझा, सांसद व प्रदेश की चुनाव सहप्रभारी सरोज पांडेय, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल आदि मुख्य रूप से भाग लेंगे। क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव के अनुसार सम्मेलन में काशी क्षेत्र में आने वाले सभी राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी, केंद्रीय व प्रदेश सरकार के मंत्री भाग लेंगे।

# जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष बने डा. संदीप पाण्डेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष गौरव सेठ की अध्यक्षता एवं चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र सेठ की देखरेख में नगर के एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नॉमिनेशन कमेटी के समक्ष किया गया। अध्यक्ष पद के लिये डा. संदीप पाण्डेय, नीरज श्रीवास्तव, विशाल तिवारी एवं सचिव पद के लिये प्रदीप जायसवाल व राजेश्वर मिश्र ने नामांकन किया। विशाल तिवारी, नीरज श्रीवास्तव, राजेश्वर मिश्र के नाम वापसी के बाद सर्वसम्मति से डा. संदीप पाण्डेय को अध्यक्ष, प्रदीप जायसवाल को सचिव के पद पर चयनित किया गया। चयनित अध्यक्ष संदीप पाण्डेय ने चयन से पूर्व चुनाव समिति व संस्था के सदस्यों को अच्छे कार्यकाल के लिये अपने एजेण्डा द्वारा आश्वस्त किया तथा संस्थाहित में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने की बात कही। इस दौरान चयन समिति द्वारा पूछे गये सभी सवालों का संतोषजनक जवाब दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष गौरव सेठ को मण्डल–3 का मण्डल उपाध्यक्ष चयनित होने पर सभी सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा कि संस्थाध्यक्ष की भूमिका ठीक उसी प्रकार होनी चाहिये जैसे घर में एक पिता की होती है तथा उसके सभी कार्य संस्थाहित में होने चाहिये। निवर्तमान मण्डलाध्यक्ष आलोक सेठ ने बताया कि संदीप



पाण्डेय के नेतृत्व में निश्चित ही संस्था एक नया इतिहास रचेगी। पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने कहा कि संस्था संगठित कर जनपद ही नहीं, वरन् मण्डल में भी संस्था का नाम रोशन करें। पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रहरी, राकेश जायसवाल, शशांक सिंह रानू, कृष्ण कुमार जायसवाल, संजय गुप्ता एवं सदस्यगण आकाश केसरवानी, सूर्यांक साहू, सर्वेश जायसवाल, आरिफ अंसारी, रमेश श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, दिलीप सिंह, संतोष अग्रहरि मेडिकल, दीपक वाधवा, प्रदीप सिंह, अतुल जायसवाल, दिलीप जायसवाल, शिवेंद्र सेठ, रतन सीकरी, रामकृपाल जायसवाल, राजकुमार जायसवाल आदि ने चुनाव/चयन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन उपाध्यक्ष हफीज शाह ने किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान दिवस पर डा. भीमराव अम्बेडकर को किया नमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज संविधान दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सोनकर की अगुवाई में दीवानी न्यायालय जौनपुर के पास भारतीय संविधान के पितृ पुरूष बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा संगोष्ठी कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पंकज सोनकर ने कहा कि हमारे देश के महापुरुषों ने जिस पवित्र संविधान की रचना देश के नवनिर्माण व सबको एक समान अधिकार के लिए किया था, वर्तमान परिवेश में भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, उसके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जनमानस मौन है यह चिंता का विषय है, सत्य और अहिंसा एक ऐसा मार्ग है जिसपर चलकर उसके माध्यम से हम सब मिलकर



भारतीय संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर सकते हैं।उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस के महासचिव राकेश सिंह डब्बू जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी जिला महासचिव राज कुमार निषाद शैलेंद्र सिंह माही सोनकर तुषार मौर्य सुजीत कुमार मुकेश पासी डॉ नवनीत सोनकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने डीएम से मुलाकात कर रखी अपनी समस्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के एक शिष्टमंडल ने जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह एवं महानगर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में जिलाधिकारी नीतीश कुमार से मुलाकात कर अयोध्या एवम फैजाबाद नगर में सड़क चौड़ीकरण के दौरान व्यापारियों को बिना नये स्थान एवं दुकान प्रदान किये बगैर उनकी दुकानों को तोड़ना अनुचित बताया।इस संदर्भ में इन पदाधिकारियो ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापारियो को सदैव यही विश्वास दिलाया कि अयोध्या में पहले व्यापारियो को स्थापित किया जायेगा,फिर विस्थापित किया जायेगा।इस प्रतिनिधि मंडल में अयोध्या के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री नंदलाल गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महामंत्री



ज्ञान केसरवानी, प्रेमसागर मिश्र, विनोद श्रीवास्तव, विपिन राय एवं महानगर महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल सहित, अपर जिलाधिकारी अमित सिंह , रेजिडेंट मजिस्ट्रेट अयोध्या, अपर जिलाधिकारी राजस्व और पी डब्लू डी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# थाना पूराकलंदर पुलिस की कार्यशैली से प्रताड़ित दलित शहर के तिकोनिया पार्क में बैठे धरने पर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)रामनगरी अयोध्या में तेज तर्रार व अनुभवी पुलिस कप्तान शैलेश कुमार पाण्डेय की सख्त कार्यवाही के खौफ में पुलिस की आमदनी क्या कम हुई आरोप के मुताबिक जिले की पुलिस जमीनों की दलाली करने में जुट गई।जब दुनिया भर के लोग जान चुके हैं कि इन दिनों राम नगरी अयोध्या की जमीन बेशकीमती हो चुकी हैं तो भला तीन स्टार लगाए दरोगा को नहीं मालूम की जमीनों में सांठगांठ करने से उनकी जेबे कितनी भरी जा सकती हैं।भले ही यह बात उनके दिलो–दिमाग से नदारद हो लेकिन प्रॉपर्टी डीलर उन्हें थाने में बैठ बैठ कर समझाने में आखिर कामयाब हो ही जाते हैं।अब बात करते हैं ताजे वाकये की जहां एक दलित किसान की सड़क किनारे जमीन खरीदने को लेकर प्रॉपर्टी डीलरों की बात की।आरोप के मुताबिक उक्त दलित को फंसाने को लेकर प्रॉपर्टी डीलरों ने ऐसा चक्र बुना कि पहले दलित की जमीन खरीदने के लिए एक दलित ग्राहक बनाया और फिर किसान को एडवांस के तौर पर दो लाख रुपये भी दे दिए रुपए भी कोई ऐसे वैसे नहीं पूरी दो चेकों के माध्यम से दिए हुए चेकों का भुगतान भी हुआ।दिए हुए वक्त के अनुसार रजिस्ट्री टलती रही और आखिरकार पूरे एक साल के बाद दलित किसान ने जब यह कहा कि साहब मुझे पैसे की जरूरत है मुझसे या तो पैसे वापस ले ले और या फिर पूरे पैसे देकर अपनी रजिस्ट्री करवा ले।आरोप के मुताबिक इतने में प्रॉपर्टी डीलरों ने एक के बाद एक लगातार दलित किसान के घर जाकर दबाव बनाना शुरू कर दिया मारपीट की और गाली गलौज भी की और इतना ही नहीं पीडित आरोप के मुताबिक जान पहचान के जिले के पूराकलंदर थाने के थानेदार से घर पर पुलिस भी भिजवाई।सूत्र के मुताबिक आनन–फानन में उक्त थाने की पुलिस जबरन किसान को थाने लाकर मुकदमा दर्ज कर देने की धमकी दे डाली। पीड़ित किसान का आरोप है कि जैसे ही उसने मैं गवाहान बताया 50 हजार साहेब वापस भी लिए है और मैंने कोई बेईमानी नहीं की है बेईमानी का नाम सुनते ही योगी सरकार में उक्त थाने के थानेदार उग्र हो गए और हाथों से लाठी पटकते हुए बोले कि तुम जैसे लोगों को सुधारना मुझे अच्छी तरह आता है।पुलिस के खौफ से दलित किसान का परिवार आज अन्न जल का त्याग कर अधिकारियों से न्याय दिलाने की फरियाद में धरना देते हुए शहर के तिकोनिया पार्क में बैठा हुआ है और न्याय भी कोई भारत चीन बॉर्डर की सीमा से जुड़ी जमीन की पीड़ा से जुड़ा नहीं बल्कि दलित गरीब के पास आई रकम को वापस दिलाने या फिर गए हुए सौदे के अनुसार बकाया भुगतान दिलाए जाने का है।पीड़ित किसान ने परिवार समेत धरना क्या दिया उक्त थाने की पुलिस और भी उदार हो गई।उदारता में पीड़ित दलित किसान के ऊपर ही जालसाजी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।जब नाम ले विजय लगी हो तो भला पुलिस बहरहाल पूरे मामले में सूत्रधार व आरोप के मुताबिक जिले के थाना पूराकलंदर आरक्षी दुर्गेश के विरुद्ध दलित परिवार के समर्थन में पहुंचे स्थानीय ग्रामीण बेहद ही आक्रोशित दिखाई पड़ रहे है। पीड़ित किसान के समर्थक आज की तारीख में आ रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिकायत करने बात करेगे।

# अयोध्या का जिला अस्पताल चिकित्सक विहीन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) राम नगरी के 300 बेड वाले महत्वपूर्ण जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों का टोटा पड़ा हुआ है। जिला अस्पताल में इमरजेंसी में जिले के अलावा बाहरी जिले से काफी संख्या में मरीज अनेकों बीमारियों के उपचार के लिए आते हैं ऐसे मरीज का इलाज बाल रोग विशेषज्ञ व आर्थो सर्जन कर रहे हैं स्थिति यह है कि ज्यादा मरीज की जांच रिपोर्ट देखते ही उन्हें रेफर कर दिया जाता है पूछने पर चिकित्सक ना होने की जानकारी दी जाती है यह समस्या महीनों से कायम होने के बावजूद शासन व प्रशासन मौन साधे हुए हैं भगवान राम के मंदिर निर्माण आरंभ होने के बाद से अयोध्या में प्रतिदिन पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है वही लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी संभालने वाला स्वास्थ्य महकमा चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है जरा मोहम्मद पुर निवासी खदीजा कि दिमाग की नस दबने की वजह से परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंची तो वहां आर्थो सर्जन ने उन्हें इमरजेंसी में भर्ती कर लिया इसके बाद बीमारी से संबंधित चिकित्सक से इलाज कराने की सूचना जिला अस्पताल की जिम्मेदार ने दे दी जिला अस्पताल में फिजीशियन ना होने से बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए के वर्मा को भेज दिया गया मरीज देखने के बाद उन्होंने तीमारदार से बीमारी समझ से बाहर होने व खुद को बच्चों का चिकित्सक बताकर रेफर कर दिया इसी तरह मिर्गी झटका बीमारी के लिए न्यूरो न्यूरोलॉजिस्ट हृदय रोग के लिए कार्डियोलॉजिस्ट फिजीशियन रेगुलर फिजीशियन मधुमेह विशेषज्ञ के सभी पद खाली होने से समस्या उत्पन्न हो गई है अस्पताल के एकमात्र रेगुलर फिजिशियन डॉक्टर रामकिशोर का कुछ दिन पूर्व स्थानांतरण होने के बाद भी किसी तरह रोक कर काम किया जा रहा था अधिकारियों के दबाव के वजह से उन्हें रिलीव कर दिया गया इसके कारण फिजीशियन ही नहीं कई बीमारियों के चिकित्सक की कुर्सी खाली है इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है।

# स्विफ्ट डिजायर तथा टाटा हैरियर के बीच टक्कर होने से दो लोगों की मौत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे पुलिस चौकी अंतर्गत मंगारी के पास आज सुबह करीब 8:30 बजे विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर और टाटा हैरियर के बीच टक्कर होने से स्विफ्ट डिजायर पर सवार हसीब अहमद उम्र 65 पुत्र हबीब अहमद निवासी आजाद नगर जनपद प्रतापगढ़, महताब आलम उम्र 30 पुत्र स्वर्गीय हाफिजद्दीन निवासी कंधारी बाजार नियावां कोतवाली नगर अयोध्या की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि टाटा हैरियर गाड़ी पर सवार अर्पणा सिंह उम्र 35 पत्नी आनंद सिंह निवासी जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें इलाज के लिए बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और चौरे पुलिस चौकी के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों मृतकों और घायल महिला को बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस के माध्यम से पहुंचाया । जहां तैनात चिकित्सक संत कुमार मौर्या ने दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया और घायल महिला का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पांडे ने शव का पंचनामा करवाके पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिवारीजनो में सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। मृतकों का आपस मे ससुर और दामाद का रिश्ता बताया जाता है।

# समाजवादी पार्टी ने बनाया अवधेश को छात्र सभा का प्रदेश सचिव

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर अवधेश सिंह निवासी ग्राम घुरेहटा मिल्कीपुर को सपा छात्र सभा का प्रदेश सचिव नामित किया गया है समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव ने छात्र सभा की कार्यकारिणी में अवधेश सिंह को प्रदेश सचिव नामित किये जाने की घोषणा की है । प्रदेश सचिव नामित होने पर बधाई देने वालों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व मंत्री अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां, पूर्व विधायक अभय सिंह, जिला महासचिव बख्तियार खान, जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, राकेश चौरसिया, अनूप सिंह, छोटे लाल यादव, प्रभु नाथ यादव, शशांक शुक्ला व अन्य नेताओं ने खुशी जाहिर की है ।

# 15वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा जगत की हस्तियों का जमावड़ा – जनार्दन पाण्डेय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अवाम का सिनेमा' के बैनर तले आयोजित होने वाले 15वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां पूरी हों गई हैं। आगामी 27–28 नवंबर के आजादी के हीरक वर्ष आयोजन का गवाह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का अशफाक–बिस्मिल सभागार बनेगा। इस आयोजन में सिनेमा और साहित्य जगत की हस्तियों के साथ ही फिल्मों का दो दिवसीय मेला इस बार सितारों से भी सजा नजर आएगा। दो दिवसीय अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन समारोह 27 नवंबर को 11 बजे दिन में शुरू होगा तो अयोध्या की धरती पर इस वैश्विक आयोजन की चकाचौंध के साथ ही सिनेमा के सरोकारों से भी लोग अभिभूत नजर आएंगे।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी में देश–विदेश की दिग्गज सिनेमा और साहित्य जगत की हस्तियां शामिल हैं। जिसमें अजरबैजान निवासी चर्चित फिल्म पुरस्कार विजेता लेखक, निर्माता, निर्देशक जलालुद्दीन गसीमोव। अल्बानिया निवासी फिल्म निर्देशक, लेखक, व्याख्याता वलमीर टेरटिनि। अभिनेत्री, मॉडल मान्या पाठक और चेयरमैन, फेस्टिवल ज्यूरी एवं निर्देशक प्रोफेसर डॉ. मोहन दास हैं। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में इस वर्ष चर्चित फिल्म अभिनेता शक्ति कुमार मिश्रा, फिल्म लेखक–निर्देशक अभिषेक भानु, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज लेखिका आर्यावर्ती सरोज 'आर्या', फिल्म लेखक–निर्देशक डॉ. आलोक सोनी, रूद्राक्ष मैन डॉ. रिपुदमन सिंह, नेशनल प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सौरभ आर्य, फिल्म निर्देशक टाइगर यादव, फिल्म अभिनेता–पत्रकार उपेंद्र पांडेय, फिल्म अभिनेता आर के यादव, लैटिन अमेरिका एक्सपर्ट हरेन्द्र राणा, वर्ल्ड किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप इटली विजेता कुणाल कुमार, फिल्म अभिनेता कमल यादव, आई ई आर एफ अबू धाबी के निदेशक विवेक तिवारी, अयोध्या फिल्म फेस्टिवल ज्यूरी चेयरमैन प्रोफेसर मोहन दास आदि की भी मौजूदगी रहेगी। आयोजन में कई चर्चित चेहरों के बीच साहित्य और सिनेमा का मेल दो दिनों तक अयोध्या को विश्व पटल पर लंबे समय तक यादगार तोहफा दे जाएगा। इसके लिए ज्यूरी मंडल की ओर से




प्रदर्शित होने वाली फिल्मों के चयन के बाद उनको विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत करने की प्रक्रिया जारी है। आईटीआई में आयोजित होने वाला यह सिनेमा का समारोह अपने आप में इसलिए भी अनोखा है कि इस वर्ष चौरी चौरा जनविद्रोह शताब्दी वर्ष और आजादी का हीरक वर्ष चल रहा है लिहाजा बन रही फीचर फिल्म '1922 प्रतिकार चौरा चौरा' का कुछ अंश समारोह में विशेष रूप से दिखाया जाएगा। गौरतलब है कि 15वें अयोध्या फिल्म की शुरूआत अवाम का सिनेमा द्वारा 2009 में बनाई गई पद्मश्री मोहम्मद शरीफ पर दस्तावेजी फिल्म से होगी। सूबे के सबसे पुराने फिल्म समारोह को भव्यता देते हुए सिनेमा जगत के चर्चित चेहरों को शामिल करते हुए इसका सरोकारी स्वरुप भी बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है। वहीं आयोजन के दौरान फिल्मों के अलावा सांस्कृतिक समारोह आयोजन की भव्यता को चार चांद लगाएं, और वहीं बोले आयोजक कि देश में काकोरी एक्शन के महानायको की याद में शुरू हुआ सिनेमा का यह सफर क्रांतिवीरों की विरासत को समेटे हुए लगातार आयोजित हो रहा है। शहीदों की मजारों पर जुड़ेंगे हर बरस मेले की थाती को नई पीढ़ी आयोजन के जरिए साकार कर रही है। अयोध्या से शुरू हुआ यह सफर जयपुर, मऊ, चौरी चौरा, बरहज, आजमगढ़, कैथी (वाराणसी), औरैया, इटावा, दिल्ली, जम्मू, बिजनौर, कारगिल आदि जगहों पर आयोजित होता रहा है,वहीं शाह आलम, अवाम का सिनेमा के संस्थापक निदेशक के सानिध्य में अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की आयोजन समिति में ओम प्रकाश सिंह, डॉ. साम्राट अशोक मौर्य, सूर्यकांत पाण्डेय, जनार्दन पाण्डेय 'बब्लू', अमित सिंह, आशीष अग्रवाल, अंतरिक्ष श्रीवास्तव, विभाकर पांडेय, अंकित कुमार,डॉ अवधेश वर्मा, मुहम्मद तुफैल,अतुल श्रीवास्तव, कौशल तिवारी, शिवम गुप्ता, सूरज यादव आदि शामिल हैं।

# शिया वक्फ बोर्ड को वसीम रिजवी के कैद से आजाद कराने में मौलाना कल्बे जवाद का अहम योगदान–अशफाक हुसैन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) शिया वक्फ बोर्ड को वसीम रिजवी के कैद से आजाद कराने में शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद का अहम योगदान रहा है यह कहना था भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अवध क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशफाक हुसैन जिया का उन्होंने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि 15 सालों से शिया वक्फ बोर्ड वसीम रिजवी की कैद में रहा है और इस बीच अनगिनत शिकायतें आई तमाम ओलमाओं ने कोशिशें की इनको हटाने की पर मौलाना कल्बे जवाद की कोशिश रंग लाई और वसीम रिजवी को शिया वक्फ बोर्ड से हटना पड़ा अशफाक हुसैन जिया ने तमाम आलिमे दीन की ओर से मौलाना कल्बे जवाद साहब का और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शुक्रिया अदा किया उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तमाम लोगों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए वसीम रिजवी को हटाया है अशफाक हुसैन ने कहा कि बीएसपी और सपा के कार्यकाल में चेयरमैन बनाए गए थे और भाजपा सरकार ने सबकी भावनाओं का ख्याल रखते हुए इनको हटाने का काम किया है और इनका भारतीय जनता पार्टी से कोई लेना देना नहीं है और ना ही यह भारतीय जनता पार्टी के सदस्य है उन्होंने कहा कि वसीम रिजवी पर सीबीआई जांच चल रही है और इनके खिलाफ आज मौलाना कल्बे जवाद की ओर से एफआईआर भी लखनऊ में दर्ज कराई गई है।इस मौके पर अशफाक हुसैन जिया ने कहा कि अब वह इस्लाम से खारिज हो चुके हैं इसलिए उनको अब शिया वक्फ बोर्ड में सदस्य रहने का भी हक नहीं है क्योंकि वह अब मुसलमान नहीं रह गए हैं।अशफाक हुसैन जिया ने हुसैनी टाइगर के लोगों का और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शमशी का भी शुक्रिया अदा किया जिन्होंने वसीम रिजवी को शिया वक्फ बोर्ड से बाहर करने में मदद की है।

# व्यापारी समाज ने बैठक कर 29 नवंबर दिन सोमवार से अनिश्चितकालीन बाजार बंदी का लिया निर्णय

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) सड़क चौड़ीकरण के विरोध में अयोध्या के व्यापारी समाज ने राजद्वार हनुमानगढ़ी के पास अयोध्या में एक बैठक कर सर्वसम्मति से 29 नवंबर दिन सोमवार से अनिश्चितकालीन बाजार बंदी का निर्णय लिया।बैठक में संबोधित करते हुए शक्ति जायसवाल ने कहा शासन–प्रशासन हम लोगों को दुकान के बदले दुकान या दुकान के पीछे दुकान देने का वादा किया था लेकिन बगैर स्थापित किए हम लोगों को उजाड़ रहा है प्रशासन का अपने वादे से मुकरना हम व्यापारियों का रोजी–रोटी पर संकट गहरा गया प्रशासन से हम लोग मांग करते हैं कि पहले हम लोगों को स्थापित किया जाए उसके बाद विस्थापित करने का कार्य किया जाय बैठक में अमित मोदनवाल ने कहा कि सुंदरीकरण के नाम पर हम लोगों को जबरदस्ती उजाड़ा जा रहा है जबकि शासन प्रशासन के पास अन्य बहुत सारे विकल्प मौजूद हैं जिससे वह व्यापारियों को संतुष्ट कर सकते हैं। श्रवण पांडे ने कहा बैठक में प्रशासन ने जो अल्टीमेटम दिया है 2 दिन में दुकान खाली करने के लिए यह तानाशाही रवैया है हम व्यापारी गण इसकी निंदा करते हैं एवं शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि अन्य विकल्पों को ध्यान में रखकर सुंदरीकरण और चौड़ीकरण किया जाए जिससे हम व्यापारियों की रोजी रोटी बची रह सके,व्यापारी नेता रामचंद्र यादव ने कहा अनिश्चित कालीन बंदी ही हम लोगों के पास आखिरी विकल्प बचा है यदि शासन प्रशासन 3 दिन में हमारी बात नहीं सुनवाई करेगा तो हम लोग समस्त व्यापारी गण एक साथ होकर मजबूर होकर अनिश्चितकालीन बंद करने के लिए बाध्य है जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी जो हम लोगों की रोजी रोटी के पीछे हाथ मुंह धोकर पड़ेगा, बैठक में रामनरेश जायसवाल ने कहा राम जन्मभूमि जाने की छह अन्य रास्ते हैं इस रास्ते को चालू करके हजारों व्यापारियों को उजड़ने से बचाया जा सकता जिसका कहीं कोई भी विरोध है, रामनारायण मौर्या जी ने कहा अफीम कोठी से ब्रह्म कुंड गुरुद्वारा होते हुए राजघाट तक सिक्स लेन बनाकर भीड़ को बांटा जा सकता है जिससे जिससे व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ ही हजारों की रोजी रोटी भी बच जाएगी, अनुपम मिश्रा ने कहा शहर में पार्किंग की उचित व्यवस्था जाम से निजात दिला सकती है प्रशासन से मांग है कि जगह जगह पर पार्किंग की व्यवस्था कराई जाए जिससे जाम से निजात पाया जा सकता है और व्यापार सुचारू रूप से चल सकता है राकेश यादव ने कहा शासन प्रशासन व्यापारियों की बात सुनकर उनको संतुष्ट करने के बाद ही योजना का कार्य किया जाए।बैठक में प्रमुख रूप से नन्द कुमार गुप्ता''नन्दू'' शक्ति जायसवाल,अमित मोदनवाल, शशांक मोदनवाल, रामचंद्र यादव, राम नारायण मौर्य ,अनुपम मिश्रा मनोज विनोद राव रामनरेश जयसवाल रवि गुप्ता गोपाल रामविलास पांडे जी सोनू गुप्ता लिपटी रवि गुप्ता मनोज गुप्ता मणि शंकर सिंह गौरव गुप्ता विनीत गुप्ता अजय गुप्ता गुप्ता राजू साहू रविंद्र गुप्ता जितेंद्र गुप्ता राकेश गुप्ता कल्लू पटवा महेश पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## आरोप के मुताबिक दहेज में बुलेट की मांग पूरी न होने पर किया वर पक्ष ने शादी से किया इनकार

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद के थाना पूराकलंदर की भदरसा चौकी अंतर्गत पिपरताल निवासी वधू पक्ष के एक परिवार में उस समय कोहराम मच गया,जब हैदरगंज थाना क्षेत्र के दसलॉवन गांव निवासी वर पक्ष ने बारात लाने से इनकार कर दिया।मिली जानकारी के मुताबिक जिले के पिपरताल निवासी एक परिवार ने अपनी बेटी की शादी हैदरगंज थाना क्षेत्र के दसलवान में तय की थी।सूत्र के मुताबिक 25 नवम्बर को बारात आनी थी। इसकी तैयारियां 24 तक पूर्ण कर ली गई थी।वधू पक्ष के परिजन ने वर पक्ष पर आरोप लगाया कि 24–25 की रात दो बजे वर पक्ष ने फोन कर बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी।वधू पक्ष द्वारा अपाची बाइक देने की बात कही गई।इसी बात से नाराज वर पक्ष ने मांग पूरी न होने पर शादी से इनकार कर दिया।इतना सुनते ही वधू पक्ष के होश उड़ गए। परिवार खबर लिखे जाने तक स्थानीय पुलिस थाना पर शिकायत दर्ज कराने की तैयारी में जुटा था।

## कृषि गोदाम खंडासा में किसानों के लिए उन्नतशील किस्म के गेहूं बीज उपलब्ध

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) राजकीय कृषि बीज भंडार खंडासा अमानीगंज मे गेहूं के उन्नतशील प्रजातियों के बीज एचडी 2967, एचडी 3086, तथा उन्नत पीबीडब्ल्यू 343 सहित अन्य कई प्रकार के बीज उपलब्ध है।इस संबंध में गोदाम प्रभारी शत्रुघ्न पांडे ने बताया कि एचडी 2967 एवं 3086 प्रजाति 156 दिन मे पक कर तैयार हो जाएगी।अगेती बुवाई करने पर 65 से 70 कुंतल प्रति हेक्टेयर पैदावार किसान प्राप्त कर सकते हैं तथा पीबीडब्ल्यू 343 प्रजाति 145 दिन की है इसे किसान पिछेती बुवाई में प्रयोग कर सकते हैं इसमें 55 से 60 कुंतल हेक्टेयर की पैदावार होती है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी प्रजातियों पर 50: का अनुदान सरकार द्वारा अनुमन्य है जिसके लिए बीज गोदाम पर आधार बैंक पासबुक व खतौनी की छाया प्रति किसानों को जमा करना होगा । अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से खाते में दी जाएगी।

## स्वच्छता रैंकिग में रुदौली नगर पालिका ने इस बार लगाई बड़ी छलांग

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) स्वच्छता रैंकिग में रुदौली नगर पालिका ने इस बार बड़ी छलांग लगाई है।नगर पालिका परिषद को इस बार 127 वां स्थान मिला है।रैंकिग में बड़ा सुधार होना निश्चित तौर पर सुखद है।वर्ष 2018 में यहां की रैंकिग को 469 वां स्थान मिला था लेकिन 2019 में यहां की रैकिग लुढ़क कर 547 वें स्थान पर पहुंच गई। वर्ष 2020 में 176 वां स्थान मिला।इस बार की रैकिग में हुए सुधार से स्वच्छ रुदौली की उम्मीदों को बल मिला है।स्वच्छ सर्वेक्षण का परिणाम घोषित होते नगर वासियों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई।सर्वेक्षण के लिए क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया की टीम यहां आई थी।नगर वासियों व सफाई कर्मचारियों के परिश्रम का यह परिणाम माना जा रहा है।केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन का असर भी रैंकिग में साफ नजर आया है।कचरा निस्तारण को नए प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद रैंकिग में और सुधार आएगा।पुराना बाजार व मलिकजादा मोहल्लों में सफाई व्यवस्था काफी बेहतर हुई है।

## 20 दिसंबर को होगा अवध विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)अवध विश्वविद्यालय का 26 वां दीक्षांत समारोह 20 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे शुरू होगा यह जानकारी कुलपति प्रोफेसर रविशंकर ने दीक्षांत समितियों के संयोजक के संग बैठक में दी उन्होंने यह कहा कि तैयारी को अंतिम



रूप देने का काम शुरू कर दिया जाए कुलपति ने उपाधि एवं गोल्ड मेडलिस्ट छात्राओं छात्रों की सूची जल्द फाइल करने को कहा है दीक्षांत समारोह के दिन शाम को सांस्कृतिक संध्या होगी परिषद की साफ सफाई एवं स्वामी विवेकानंद सभागार को सजा कर समय से पूरा करने को कहा है कुल 1 नई समिति बनाई गई है सभी समितियां कुल पद के दिशा निर्देश के मुताबिक काम करने लगी हैं समय अमित अनुशासन स्वयंसेवक एवं पार्किंग समित मंच व्यवस्था एवं संचालन समिति साज–सज्जा समिति समिति विद्युत यात्रा एवं रोमिंग समिति विशिष्ट अतिथि प्रधान समेत मुद्रा एवं वितरण समिति गार्ड ऑफ ऑनर नियंत्रण समिति उपाध्यक्ष अमित मीडिया एवं फोटोग्राफी सांस्कृतिक संध्या समिति एवं व्यवस्था समिति समित सप्ताह आयोजन समिति खेल आयोजन समिति के नाम हैं।इस बैठक में मुख्य नियंता प्रताप सिंह अधिकारी कुमार अशोक कुमार शुक्ला यशवंत सिंह विनोद श्रीवास्तव अनूप कुमार सुरेंद्र सिंह विनोद कुमार चौधरी उमानाथ कुलसचिव शामिल रहे।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।